प्रादेशिक समाचार
09.10.2023 (दोपहर–1455 बजे)

तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच आज नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता हुई। बैठक में दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों से जुडे विभिन्न पक्षों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने दोनों देशों के बीच नजदीकी और ऐतिहासिक संबंधों को और आगे बढाने के तौर–तरीकों पर विचार–विमर्श किया। बैठक के बाद दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इससे पहले आज सवेरे तंजानिया की राष्ट्रपति का राष्ट्रपति भवन में पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। उसके बाद उन्होंने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति भवन में स्वागत के बाद तंजानिया की राष्ट्रपति ने भारत के साथ दशकों पुराने बेहतरीन संबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मी्द है इस यात्रा से राजनीतिक और आर्थिक विकास के नए रास्ते् खुलेंगे।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मानवता की खुशहाली और जलवायु परिवर्तन के कारण पैदा हुई चुनौतियों से तेजी से निपटने के लिए उपयुक्त् खाद्य प्रणाली बनाने पर जोर दिया है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में न्यायोचित और उपयुक्त कृषि खाद्य प्रणाली शोध और उसके प्रभाव विषय पर आयोजित सेमनार का उदघाटन किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने कृषि उत्पादन के क्षेत्र को अधिक समानता पर आधारित लचीला बनाने के लिए इसमें निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी को बढाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि सरकार ने छोटे और सीमांत किसानों के कल्याा‍ण के लिए पिछले कुछ वर्षों में कई कदम उठाए हैं।

****

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पांच राज्यों मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया है। नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि मिजोरम में 7 नवंबर को चुनाव होगा, जबकि छत्तीसगढ़ में दो चरणों में 7 और 17 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयुक्त ने बताया कि सात नवंबर को मिजोरम में, तेलंगाना में 30 नवंबर को और मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी राज्यों में तीन दिसंबर को मतगणना होगी। चुनाव आयुक्त ने बताया कि बुर्जुग लोगों को घर से वोटिंग की सुविधा मिलेगी। श्री कुमार ने चुनाव में युवा, पीडब्लूडी और वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर से 30 नंवबर तक किसी भी मतदाता सूची में नाम शामिल और संशोधन करना संभव है। बीएलओ घर – घर जाकर नाम और पता का संशोधन करेंगे।

****

केन्द्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा है कि देश के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों में आयुष के लिए समर्पित अकादमिक विभाग खोला जाएगा। राष्ट्रीय आयुष मिशन की मुंबई में क्षेत्रीय समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के सभी स्तरों पर लोगों को आधुनिक और पारंपरिक दोनों तरह की सुविधाएं सुनिश्चित कराने का प्रयास कर रही है।

****

राजधानी रांची के डोरंडा में आयोजित तीन दिवसीय उर्स मेले का आज आखिरी दिन है। पूर्व उप मुख्यमंत्री और आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने आज रिसालदार शाह बाबा के दरगाह में चादरपोशी की और राज्य वासियों की खुशाली की कामना की।

****

आज विश्व डाक दिवस है। सभी देशों के बीच पत्रों के आवागमन और जनरल पोस्टल यूनियन के गठन को लकर बर्न, स्विटजरलैंड में बाईस देशों ने वर्ष अठारह सौ चौहत्तर में एक संधि पर हस्ताक्षय किये, तभी से नौ अक्टूबर को विश्व डाक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

****

इधर झारखंड परिमंडल रांची की ओर से भी आज विश्व डाक दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुख्य पोस्टमास्टर जनरल राकेश कुमार ने बताया कि डाक सप्ताह के तहत कल वित्तीय सशक्तीकरण दिवस, ग्यारह अक्टूबर को फिलाटेली दिवस, बारह अक्टूबर को मेल तथा पार्सल दिवस और तेरह अक्टूबर को अंत्योदय दिवस आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की पहल पर राज्य में वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी डाक सेवाओं की पहुंच बढ़ायी जा रही है।

****

रांची जिले के मांडर प्रखंड में आगामी 30 और 31 अक्टूबर को मुड़मा मेला आयोजित किया जाएगा। राजी पाड़हा जतरा समिति के सचिव राजेश खलखो ने बताया कि मुड़मा जतरा की तैयारी को लेकर समिति के लोग जुटे हुए हैं।

****

केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने उन सभी खिलाड़ियों का अभिवादन किया है, जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से भारत को ऐतिहासिक गौरव दिलाया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री ठाकुर ने कहा कि साठ वर्ष में पहली बार भारत ने एशियाई खेलों में एक सौ सात पदक जीते हैं। यह वर्ष 2018 की पदक तालिका से 52 प्रतिशत अधिक है। श्री ठाकुर ने कहा कि सरकार की कडी मेहनत, लचीलापन और दृढ़ निश्चय ने खेल का पारिस्थितिक तंत्र तैयार किया, जिसने खिलाडियों की हर स्तर पर मदद की। इसके फलस्वंरूप यह ऐतिहासिक परिणाम आये हैं।

*********समाप्त********